web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 15 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 319

# विश्व में ऊंचा हुआ भारत का कद : राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू

**❑ स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्र को किया संबोधित**

**नई दिल्ली** | आरएनएस



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार, 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सभी देशवासी 78वें स्वतन्त्रता दिवस का उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लहराते हुए तिरंगे को देखना - चाहे वह लाल किले पर हो, राज्यों की राजधानियों में हो या हमारे आस-पास हो - हमारे हृदय को उत्साह से भर देता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने परिवार के साथ विभिन्न त्योहार मनाते हैं, उसी तरह हम अपने स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को भी अपने उस परिवार के साथ मनाते हैं जिसके सदस्य हमारे सभी देशवासी हैं।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि समावेशन के साधन के रूप में सकारात्मक कार्रवाई को मजबूत किया जाना चाहिए। मुर्मू ने हम उस परंपरा का हिस्सा हैं जो स्वाधीनता सेनानियों के सपनों और उन भावी पीढ़ियों की आकांक्षाओं को एक कड़ी में पिरोती है जो आने वाले वर्षों में हमारे राष्ट्र को अपना सम्पूर्ण गौरव पुन: प्राप्त करते हुए देखेंगी। उन्होंने कहा कि हमने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। अगले वर्ष उनकी 150वीं जयंती का उत्सव राष्ट्रीय पुनर्जागरण में उनके योगदान को और अधिक गहराई से सम्मान देने का अवसर होगा।

उन्होंने कहा कि आज, 14 अगस्त को, हमारा देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। यह विभाजन की भयावहता को याद करने का दिन है। जब हमारे महान राष्ट्र का विभाजन हुआ, तब लाखों लोगों को मजबूरन पलायन करना पड़ा। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। स्वतंत्रता दिवस मनाने से एक दिन पहले, हम उस अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी को याद करते हैं और उन परिवारों के साथ एक-जुट होकर खड़े होते हैं जो छिन्न-भिन्न कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि हम अपने संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हमारे नव-स्वाधीन राष्ट्र की यात्रा में गंभीर बाधाएं आई हैं। न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता के संवैधानिक आदर्शों पर दृढ़ रहते हुए, हम इस अभियान के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि भारत, विश्व-पटल पर अपना गौरवशाली स्थान पुन: प्राप्त करे।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच 8 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर हासिल करके, भारत सबसे तेज गति से बढऩे वाली बड़ी अर्थ-व्यवस्थाओं में शामिल है। इससे न केवल देशवासियों के हाथों में अधिक पैसा आया है, बल्कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में भी भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, और हम शीघ्र ही विश्व की तीन शीर्षस्थ अर्थ-व्यवस्थाओं में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। यह सफलता किसानों और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति-निर्माताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर ही संभव हो सकी है।

द्रौपदी मुर्मू ने आगे कहा कि हमारे अन्नदाता किसानों ने उम्मीदों से बेहतर कृषि उत्पादन सुनिश्चित किया है। ऐसा करके, उन्होंने भारत को कृषि-क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और हमारे देशवासियों को भोजन उपलब्ध कराने में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जी-20 की अपनी अध्यक्षता के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद, भारत ने ग्लोबल साउथ को मुखर अभिव्यक्ति देने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है। भारत अपनी प्रभावशाली स्थिति का उपयोग विश्व शांति और समृद्धि के विस्तार हेतु करना चाहता है। मुर्मू ने कहा कि सामाजिक न्याय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि समावेशी भावना, हमारे सामाजिक जीवन के हर पहलू में दिखाई देती है। अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ, हम एक राष्ट्र के रूप में, एकजुट होकर, एक साथ, आगे बढ़ रहे हैं। समावेश के साधन के रूप में, सकारात्मक कार्रवाई को मजबूत किया जाना चाहिए। मैं दृढ़ता के साथ यह मानती हूं कि भारत जैसे विशाल देश में, कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केंद्र में रखते हुए सरकार द्वारा अनेक विशेष योजनाएं भी लागू की गई हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं का वास्तविक सशक्तीकरण सुनिश्चित करना है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बेंगलुरू में निजी कंपनी को बम की धमकी वाला ईमेल निकला फर्जी, पुलिस ने किया खुलासा

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** बेंगलुरु के पुत्तेनहल्ली स्थित एक निजी कंपनी ब्रॉडकॉम को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। यह ईमेल कंपनी को मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे भेजा गया, जिसमें बम विस्फोट की बात कही गई थी। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद कंपनी ने तुरंत पुत्तेनहल्ली पुलिस स्टेशन को सूचित किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और कंपनी के परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान, विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई और पाया गया कि यह बम धमकी वाला ईमेल फर्जी था। इस फर्जी धमकी के कारण किसी प्रकार का खतरा उत्पन्न नहीं हुआ, लेकिन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंपनी और आसपास के क्षेत्र की जांच की गई। घटना के संबंध में पुत्तेनहल्ली पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी साउथ ने कहा, कल लगभग 1 बजे एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ब्रॉडकॉम को एक धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों द्वारा सत्यापन करने पर यह फर्जी पाया गया। इस संबंध में पुत्तेनहल्ली पीएस में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच जारी है। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है और इस फर्जी धमकी के पीछे के लोगों को पकडऩे की कोशिश की जा रही है। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सुरक्षा उपायों को भी मजबूत किया ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। ब्रॉडकॉम कंपनी और उसके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### मनीष सिसोदिया की पदयात्रा अब 16 अगस्त से शुरू होगी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद जेल से छूटकर बाहर आ चुके हैं। इसके बाद उन्होंने पार्टी का कामकाज संभाल लिया है। वह लगातार विधायकों, पार्षदों के साथ बैठक कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया बुधवार से ही अपनी पदयात्रा शुरू करने वाले थे, लेकिन स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस ने उनसे यात्रा को स्थगित करने के लिए कहा। अब यह यात्रा 16 अगस्त से दिल्ली में शुरू होगी। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पदयात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया बीजेपी की केंद्र सरकार की साजिशों को परास्त कर 17 महीने बाद आजाद हुए हैं। वह दिल्ली की जनता से मिलने के लिए आज ग्रेटर कैलाश से पदयात्रा शुरू करने वाले थे। लेकिन दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस पदयात्रा को स्वतंत्रता दिवस की वजह से एक-दो दिन के लिए टाल दिया जाए। अब यह पदयात्रा 14 अगस्त की जगह 16 अगस्त को उसी स्थान, ग्रेटर कैलाश से शुरू होगी। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि शाम 5 बजे ग्रेटर कैलाश के डीडीए कॉलोनी से यह यात्रा शुरू होगी और मनीष सिसोदिया दिल्ली के हर एक व्यक्ति, हर एक घर तक पहुंच कर उनसे मिलेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए पुलिस से किसी तरीके का कोई विवाद नहीं चाहते। इसलिए, जब पुलिस ने यह सलाह दी, तो हमने उस पर तुरंत हामी भर दी। मामला सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। हम सभी स्वतंत्रता दिवस का सम्मान करते हैं। इसलिए हम इस पदयात्रा की तारीख को दो दिन आगे बढ़ा रहे हैं ताकि किसी को कोई दिक्कत ना हो।

# देशवासियों के लिए खुशखबरी, विनेश फोगाट को सिल्वर मेडल मिलने को लेकर आया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली** | आरएनएस



भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील पर फैसला फिर 16 अगस्त तक स्थगित कर दिया। विनेश को सिल्वर मेडल भी नहीं दिया गया। इस फैसले के खिलाफ उन्होंने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स में अपील की है।

**फैसला एथलीट के पक्ष में आएगा: जय प्रकाश चौधरी-** हालांकि, इस फैसले को 16 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया है। अब 16 अगस्त की रात 9:30 बजे विनेश के मेडल पर फैसला आएगा। इसी बीच भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी ने कहा कि उन्हें लगता है कि फैसला एथलीट के पक्ष में आएगा। ऐसा नहीं होना चाहिए था। लेकिन, मुझे लगता है कि विनेश के पक्ष में कुछ न कुछ जरूर आएगा। ऐसा लगता है कि कुछ ताकतवर लोग इसमें शामिल हैं और उसे मेडल मिलेगा। जय प्रकाश चौधरी ने आगे कहा, विनेश के साथ जो हुआ वो उसमें उसके स्टाफ की गलती है। वजन कैसे कम करना है, यह उनका काम है। लेकिन, देखते हैं 16 अगस्त को क्या होता है। इस केस में बड़े वकील विनेश का पक्ष रख रहे हैं। पीएम मोदी ने इस मामले पर संज्ञान लिया है।

बता दें कि सेमीफाइनल में जीत के बाद विनेश फोगाट ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बनी थीं। फाइनल से एक रात पहले विनेश का वजन 2 किलो अधिक था। ऐसे में उन्होंने रात भर मेहनत की और वजन घटाया। हालांकि, वह 100 ग्राम से चूक गईं।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले आतंकियों के साथ बड़ी मुठभेड़, कैप्टन शहीद

**❑ 4 आतंकियों के मारे जाने की खबर**

**श्रीनगर** | आरएनएस

स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के अस्सर इलाके में आतंकवादियों के साथ हुई एक बड़ी मुठभेड़ में भारतीय सेना के 48 राष्ट्रीय राइफल्स के एक कैप्टन शहीद हो गए हैं। यह मुठभेड़ स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एनकाउंटर में 4 आतंकियों की भी मारे जाने की खबर है। इस मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया है।

सुरक्षा बलों को इलाके से एक एम4 कार्बाइन और तीन बैग मिले हैं। डोडा के अस्सार इलाके में यह मुठभेड़ मंगलवार शाम शुरू हुई थी। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि विशेष खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पटनीटॉप के पास अकर वन में संयुक्त अभियान शुरू किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अभियान में एक आतंकवादी घायल हुआ है।

इसके अलावा, अनंतनाग में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में मंगलवार को चौथे दिन भी सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी रही। अधिकारियों के अनुसार, अहलान गगरमांडू जंगल में संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। जंगल में छिपे आतंकवादियों को पकडऩे के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवाद विरोधी अभियान मंगलवार शाम को उधमपुर जिले में पटनीटॉप पर्यटन स्थल के पास अकर के जंगलों में शुरू किया गया। बुधवार सुबह सुरक्षा बलों ने वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों का पता लगया। इसी दौरान फायरिंग शुरू हो गई। आतंकवादी जम्मू डिवीजन के पहाड़ी जिलों में सेना, सुरक्षा बलों और नागरिकों पर घात लगाकर हमले कर रहे हैं। इस साल 21 जुलाई तक आतंकवादियों ने 11 हिट-एंड-रन हमलों में सेना, सुरक्षाबलों और नागरिकों समेत 28 लोगों की हत्या कर दी है, जबकि सुरक्षाबलों ने 28 आतंकवाद-रोधी अभियान चलाए। जम्मू डिवीजन के पर्वतीय क्षेत्रों में 40-50 कट्टर विदेशी आतंकियों के सक्रिय होने की सूचना मिलने के बाद, सेना ने डिवीजन के पर्वतीय जिलों पुंछ, राजौरी, डोडा, उधमपुर, कठुआ और रियासी में 4,000 से अधिक पैरा कमांडो और पर्वतीय युद्ध में प्रशिक्षित सैनिकों को तैनात किया है। इन सुरक्षाबलों को आतंकवादियों की किसी भी तरह के हिट-एंड-रन हमलों को विफल करने के लिए पहाड़ों की चोटियों पर तैनात किया गया है।

# बड़ी सफलता : नामी कंपनियों के सर्टिफिकेट बनाकर करते थे ठगी, 5 महिलाओं समेत 21 आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा** | आरएनएस



नोएडा की थाना सेक्टर 63 पुलिस ने पैसा ठगने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। ये ठग नायका, ईबे, मिंत्रा, ईटीएसवाई आदि नामी ई-कॉमर्स कंपनियों के नाम पर फर्जी सर्टिफिकेट तैयार कर विक्रेताओं के साथ जालसाजी करते थे। इस मामले में पुलिस ने 5 महिला समेत गिरोह के कुल 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 12 डेस्कटॉप कंप्यूटर, 12 लैपटॉप, 4 सीपीयू, 2 छोटे सीपीयू, 2 टैब, 28 मोबाइल बरामद किए गए हैं।

डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर 63 और साइबर हेल्प डेस्क पर पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि सेक्टर 63 के डी ब्लॉक में इन्फोबीम सॉल्यूशन्स नाम की एक कम्पनी नामी ई-कॉमर्स कंपनियां जैसे नायका, ईबे, मिंत्रा आदि के नाम से जाली सर्टिफिकेट बनाकर विक्रेताओं के साथ धोखाधड़ी कर रही है।

उन्होंने बताया कि इन्फोबीम सॉल्यूशन्स कम्पनी से ठगी के शिकार विक्रेताओं श्रुति चौधरी, रश्मि गर्ग, अनुज तिवारी, यशा तैमूरी आदि द्वारा अपने साथ उक्त कम्पनी द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में थाना सेक्टर 63, नोएडा की साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत की थी।

डीसीपी के मुताबिक 13 अगस्त को नोएडा पुलिस ने इन्फोबीम सॉल्यूशन्स कंपनी के पते पर जाकर चेक किया तो वहां नामी ई-कॉमर्स कंपनियों के फर्जी सर्टिफिकेट फ्रेम कराकर दीवारों पर लगाये गये थे, जिससे कंपनी में आने वाले किसी भी व्यक्ति को यह यकीन हो सके कि यह कंपनी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा उनके प्लेटफार्म पर वस्तुओं की बिक्री के लिए अधिकृत की गयी है।

कंपनी में प्रयोग हो रहे कम्प्यूटर और लैपटॉप से विभिन्न विक्रेताओं को इन्हीं जाली सर्टिफिकेट की प्रति व्हाट्सएप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए प्रसारित की जा रही थी। इसी कड़ी में गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आगे बताया कि गिरोह नामी ई-कॉमर्स कंपनियों के नाम से फर्जी सर्टिफिकेट तैयार करते थे तथा उन्हें उन विक्रेताओं को भेजते थे, जो अपना कोई सामान इन ई-कॉमर्स कंपनियों के प्लेटफार्म पर बेचना चाहते थे। उन्हें इसके माध्यम से यकीन दिलाया जाता था कि यह लोग नामी कंपनियों द्वारा इस प्रकार का कार्य करने के लिए अधिकृत किए गये हैं।

गिरोह के शातिर लोगों से चैट करके कंपनी के खाते में सर्विस देने के नाम पर पैसा लेते थे। कोई अपना पैसा वापस मांगने के लिए दबाव नहीं डाले, इसलिए यह लोग अधिकांश रूप से दूसरे राज्य के लोगों को अपना शिकार बनाते थे ताकि वो यहां आकर कोई शिकायत ना कर सके।

# 1993 बैच के आईआरएस अधिकारी राहुल नवीन होंगे प्रवर्तन निदेशालय के नए निदेशक

**नई दिल्ली** | आरएनएस



केंद्र सरकार ने आज बुधवार को आर्थिक मामलों की केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पूर्णकालिक डायरेक्टर नियुक्त कर लिया है। जांच एजेंसी के स्पेशल डायरेक्टर राहुल नवीन को प्रवर्तन निदेशालय का नया डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वह 2 साल तक पद पर बने रहेंगे। राहुल नवीन भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 1993 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने पिछले साल 15 सितंबर को पिछले डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल पूरा होने पर जांच एजेंसी के स्पेशल डायरेक्टर का पद संभाला था। ये वित्त मंत्री के अंडर सचिव भी रह चुके हैं। पिछले साल 2023 में इन्हें ईडी का एक्टिंग चीफ बनाया गया था। स्पेशल डायरेक्टर बनाए जाने से पहले राहुल नवीन इन चार्ज डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे। तब वह तत्कालीन डायरेक्टर संजय मिश्रा के साथ मिलकर एजेंसी में काम कर रहे थे। ये एक ठोस और शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले व्यक्ति हैं।

# लाल किले पर मोदी फहरायेंगे तिरंगा, छह हजार विशेष मेहमान देखेंगे भारत की ताकत

**नई दिल्ली** | आरएनएस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले से 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश का नेतृत्व करेंगे। वह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और प्रतिष्ठित स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की विषय वस्तु 'विकसित भारत@2047' है। यह 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। राष्ट्रीय महत्व के इस उत्सव में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष लाल किले पर समारोह देखने के लिए लगभग 6,000 विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। युवाओं, आदिवासी समुदाय, किसानों, महिलाओं और अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में वर्गीकृत जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के इन लोगों ने सरकारी योजनाओं की मदद से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने लाल किले पर पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। रक्षा सचिव दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार का परिचय प्रधानमंत्री से कराएंगे। इसके बाद जीओसी, दिल्ली क्षेत्र श्री मोदी को सलामी मंच तक ले जाएंगे जहां एक संयुक्त इंटर-सर्विसेज और दिल्ली पुलिस गार्ड प्रधानमंत्री को सामान्य सलामी देंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे।

प्रधानमंत्री के गार्ड ऑफ ऑनर दल में सेना, नौसेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस से एक-एक अधिकारी और 24 कर्मी शामिल होंगे। नौसेना इस वर्ष के समारोह में समन्वय की जिम्मेदारी संभाल रही है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान कमांडर अरुण कुमार मेहता संभालेंगे। प्रधानमंत्री के गार्ड में सेना की टुकड़ी की कमान मेजर अर्जुन सिंह, नौसेना की टुकड़ी की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर गुलिया भावेश एनके और वायु सेना की टुकड़ी की कमान स्क्वाड्रन लीडर अक्षरा उनियाल के हाथों में होगी। दिल्ली पुलिस की टुकड़ी की कमान एडिशनल डीसीपी अनुराग द्विवेदी संभालेंगे.

गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करने के बाद प्रधान मंत्री लाल किले की प्राचीर की ओर बढ़ेंगे जहां रक्षा मंत्री , रक्षा राज्य मंत्री और रक्षा सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी उनका स्वागत करेंगे। दिल्ली क्षेत्र के जीओसी प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्राचीर पर बने मंच तक ले जाएंगे।

लेफ्टिनेंट संजीत सैनी राष्ट्रीय ध्वज फहराने में प्रधानमंत्री की सहायता करेंगे। इसे 1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) के बहादुर बंदूकधारियों द्वारा 21 तोपों की सलामी के साथ समन्वित किया जाएगा। स्वदेशी 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग करने वाली औपचारिक बैटरी की कमान मेजर सबनीस कौशिक के हाथ में होगी और गन पोजिशन ऑफिसर नायब सूबेदार (एआईजी) अनुतोष सरकार होंगे। राष्ट्रीय ध्वज गार्ड में सेना, नौसेना और वायु सेना के एक-एक अधिकारी , 32 अन्य रैंक के अधिकारी और दिल्ली पुलिस के 128 कर्मी शामिल हैं। यह गार्ड प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के समय राष्ट्रीय सलामी पेश करेंगे। इस इंटर-सर्विसेज गार्ड और पुलिस गार्ड की कमान कमांडर विनय दुबे संभालेंगे।

राष्ट्रीय ध्वज गार्ड में सेना की टुकड़ी की कमान मेजर दिनेश नगांगोम, नौसेना की टुकड़ी की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर सचिन धनखड़ और वायु सेना की टुकड़ी की कमान स्क्वाड्रन लीडर सीएस श्रवण देवैया के हाथों में होगी। दिल्ली पुलिस की टुकड़ी की कमान एडिशनल डीसीपी अचिन गर्ग संभालेंगे। तिरंगे को फहराए जाने के बाद 'राष्ट्रीय सलामी' दी जाएगी। पंजाब रेजिमेंट मिलिट्री बैंड, जिसमें एक जेसीओ और 25 अन्य रैंक शामिल होंगे, राष्ट्रीय ध्वज फहराने और 'राष्ट्रीय सलामी' के दौरान राष्ट्रगान बजाएंगे। बैंड का संचालन सूबेदार मेजर राजिंदर सिंह करेंगे। जैसे ही प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, लाइन एस्टर्न फॉर्मेशन में भारतीय वायु सेना के दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ध्रुव द्वारा कार्यक्रम स्थल पर फूलों की पंखुडिय़ों की वर्षा की जाएगी। हेलीकॉप्टरों के कप्तान विंग कमांडर अंबर अग्रवाल और विंग कमांडर राहुल नैनवाल होंगे।

पुष्पवर्षा के बाद प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित करेंगे। उनके भाषण के समापन पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट राष्ट्रगान गाएंगे। देश भर के विभिन्न स्कूलों से कुल 2,000 लडक़े और लडक़ी कैडेट (सेना, नौसेना और वायु सेना) समारोह में भाग लेंगे। इन कैडेटों को प्राचीर के सामने ज्ञानपथ पर बैठाया जाएगा।